उज्जीवन फाइनेंस का निर्गम खुलेगा 28 को

अहमदाबाद @ पत्रिका . गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनी उज्जीवन फाइनेंसियल सर्विसेज लिमिटेड का प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) 28 अप्रेल को खुलेगा, जो दो मई को बंद होगा। कंपनी 10 रुपए प्रति इक्विटी शेयर के अंकित मूल्य के 207 से 210 रुपए प्रति इक्विटी शेयरों मूल्य बंद के साथ है। निर्गम में कंपनी 35,816 लाख के इक्विटी शेयर जारी करेगी। निर्गम से मिलनेवाली आय का उपयोग पूंजी आधार बढ़ाने का प्रस्ताव है। कंपनी की मुख्य वित्त अधिकारी (सीएफओ) सुधा सुरेश ने सोमवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी। इस मौके पर प्रबंधनिदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी समीत घोष ने कंपनी की गतिविधि के बारे में जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि यह प्रस्ताव बुक बिल्डिंग प्रक्रिया से किया जा रहा है, जिसमें प्रस्ताव का 50 फीसदी योग्य संस्थागत खरीदारों को अनुपातिक आधार पर आवंटित किया जाएगा। कंपनी के इक्विटी शेयरों को बॉम्बे स्टोक एक्सचेंज और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर सूचीबद्ध करने का प्रस्ताव है। कोटक महिन्द्रा कैपिटल कंपनी लिमिटेड, एक्सिस कैपिटल लिमिटेड, आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज लिमिटेड और आईआईएफएल होल्डिंग्स लिमिटेड प्रस्ताव के बुक रनिंग लीड मैनेजर (बीआरएलएम) हैं। जबकि कार्वी कम्प्यूटरशेयर प्रा. लिमिटेड प्रस्ताव का रजिस्ट्रार है।